गांव खरींडवा में 'वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल' कार्यक्रम में सांसद ने उठाए सवाल

विधानसभा चुनाव में 61 फीसदी वोट पड़े तो गिनती 68 प्रतिशत वोटों की कैसे हुई : दीपेंद्र

शाहाबाद मारकंडा/लाडवा, 18 नवंबर (निस)

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हूडा ने बुधवार को शाहाबाद के गांव खरींडवा में 'वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल' कार्यक्रम के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार जनभावनाओं से नहीं, बल्कि चुनाव आयोग के दुरुपयोग, मैनेजमेंट और काले धन के बल पर बनी है, जिसके कारण यह सरकार लगातार आम जनता को दरकिनार कर रही है। आज हरियाणा का प्रत्येक वर्ग इस सरकार की नीतियों से त्रस्त और दुखी है।

सांसद दीपेंद्र ने 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गंभीर आरोप लगाए कि 3 राज्यों की 200 सीटों (जिसमें हरियाणा की 23 सीटें भी शामिल हैं) का शाम 5 बजे के बाद का वोटिंग डेटा चुनाव आयोग की रिपोर्ट से गायब है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह डेटा कहां गया, जबकि चुनाव आयोग हर सीट पर पड़े मतों का पूरा रिकॉर्ड रखता है। मतदान के दिन रात 12 बजे जो मतदान प्रतिशत 61 प्रतिशत घोषित किया गया था, वह मतगणना के दिन अचानक बढ़कर 68 प्रतिशत कैसे हो गया?

दीपेंद्र हूडा ने आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस के वोट शेयर में मात्र 0.3 प्रतिशत यानी लगभग 14,000 वोटों का अंतर था। यदि कांग्रेस के पक्ष में 14,000 वोट अधिक होते, तो आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा 'एसआईआर' के जरिए हरियाणा में लगभग 40 लाख (18-20 प्रतिशत) वोट गलत बताकर काटने का काम किया गया। यदि आयोग स्वयं यह मानता है कि ये वोट गलत थे, तो बड़ा सवाल यह है कि पिछले चुनावों में इन फर्जी वोटों से मतदान किसने किया? यह पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है। इस अवसर पर सांसद वरुण चौधरी, विधायक रामकरण काला, विधायक मनदीप चट्ठा, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मेवा सिंह उपस्थित रहे।



शाहाबाद के खरींडवा में जनसमूह को संबोधित करते सांसद दीपेंद्र हूडा। -निस

'नारनौल में बनाया जाए राव तुलाराम का शहीदी स्मारक'

घरौंडा (निस) : कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हूडा ने गांव कैरवाली में कांग्रेस नेता सतीश राणा द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की नारनौल के नसीबपुर में 1857 के महानायक राव तुलाराम का शहीदी स्मारक बनाने की मांग का पुरजोर समर्थन किया। हुड्डा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में राव तुलाराम का योगदान अभूतपूर्व है और कांग्रेस इस मुद्दे पर साथ है। सोनिया गांधी की लाई किताब पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने इसे कई मुद्दों की सच्चाई सामने लाने वाली और रिकॉर्ड बिकौ वाली पुस्तक बताया। वहीं, कथित धान घोटाले पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए दीपेंद्र ने आरोप लगाया कि घोटाला पूरे प्रदेश में हुआ है, जबकि पकड़ा केवल तीन जिलों में गया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह राठौर व सुरेश गुप्ता मौजूद रहे।

झलनिया-भूथनकलां मार्ग पर आपस में भिड़ीं तीन कारें

फतेहाबाद, 18 नवंबर (हप्र)

खेतों और सड़क किनारे पराली जलाने की लापरवाही अब राहगीरों की जान पर भारी पड़ने लगी है। बुधवार सुबह झलनिया-भूथनकलां मार्ग पर सड़क किनारे जलाई गई पराली के घने धुएं के कारण दृश्यता (विजिबिलिटी) शून्य हो गई, जिससे 3 कारें एक के बाद एक आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम लग गया। जानकारी के अनुसार, सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने सड़क किनारे पड़ी पराली में आग लगा दी। कुछ ही देर में उठे घने धुएं ने पूरी सड़क को ढक लिया। रास्ता दिखाई न देने के कारण आगे चल रहा एक वाहन चालक सड़क पर रुक गया। पीछे से आ रही तीन कारों के चालकों को धुएं की वजह से खड़ा वाहन नजर नहीं आया और तीनों गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। धुएं के कारण राहगीरों को सांस लेने में भी भारी दिक्कत हुई।

गौशालाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर रही प्रदेश सरकार : महिपाल ढांडा

चार गौशालाओं को मिले 69.73 लाख की अनुदान राशि के चेक

सीवन, 18 नवंबर (निस)

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बुधवार को सीवन गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में गुहला की 4 प्रमुख गौशालाओं को कुल 69 लाख 73 हजार रुपये की अनुदान राशि के चेक वितरित किए।


उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के यशस्वी नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ सभी गौशालाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अनुदान राशि के तहत गौशाला सेवा समिति सीवन को 16 लाख रुपये, अमरनाथ गौशाला पाबसर को 12 लाख रुपये, नंदी गौशाला चीका को 10 लाख रुपये तथा कृष्ण गोपाल गौ सेवा सदन चीका को 31 लाख 73 हजार रुपये की सहायता राशि सौंपी गई। इससे पूर्व सीवन गौशाला पहुंचने पर गौशाला प्रधान नरेंद्र सैनी, उपप्रधान पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रशांत आनंद, राम रतन सैनी, कृष्ण वधवा और चंद्रभान सैनी सहित समिति के समस्त सदस्यों ने शिक्षा मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हरियाणा गौ सेवा आयोग के सदस्य सतीश मुंजाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मंत्री ने गौशाला परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां गोवंश की देखभाल, चारे-पानी तथा साफ-सफाई के लिए किए गए प्रबंधों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल सरकार या प्रशासन का दायित्व नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की एक पवित्र और सामूहिक जिम्मेदारी है। गौशालाएं हमारे समाज में सेवा, दया और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत संदेश देती हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे बढ़-चढ़कर गौसेवा के इन महान कार्यों में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, शैली मुंजाल, कृष्ण कश्यप, विक्रम मुंजाल, दर्शन लाल, प्रवीण रसूलपुर, संदीप सैनी, विजेंद्र कोहली, जितेंद्र रत्न, राजेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, विक्की ग्रोवर और सोनू सैनी उपस्थित रहे।


सीवन में गौशाला प्रतिनिधियों को चेक वितरित करते मंत्री महिपाल ढांडा। -निस

खबर है...

'वार्डों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान'


जगाधरी में पार्षदों व अधिकारियों के साथ बैठक करतीं मेयर सुमन बहमनी। -हप

जगाधरी (हप्र) : मेयर सुमन बहमनी ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय में वार्ड 1 से 7 तक के पार्षदों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मेयर सुमन बहमनी ने हर पार्षद से उनके संबंधित वार्डों में आमजन को पेश आ रही समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्षदों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों और शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पार्षद रीना रस्तोगी, पार्षद अरुण कुमार, पार्षद जयंत स्वामी, पार्षद भानू प्रताप व पार्षद प्रतिनिधि ईश्वर कंबोज मौजूद रहे।

गौरव युवा कांग्रेस के करनाल प्रभारी नियुक्त



जगाधरी (हप्र) : हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गौरव जयरामपुर को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला करनाल (शहरी एवं ग्रामीण) का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर गौरव जयरामपुर ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है और जो जिम्मेदारी दी है, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता के साथ निभाएंगे तथा करनाल जिले में युवा कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहने वाले गौरव जयरामपुर इससे पहले युवा कांग्रेस जिला अंबाला के प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वहां संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। गौरव जयरामपुर को करनाल जिले का प्रभारी बनाए जाने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं में खुशी की लहर है। उनकी इस नियुक्ति पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रांत चौधरी, रजनीश नत्थनपुर, आस मोहम्मद, प्रीतम, सेठपाल और रिंकू भलेसर ने उन्हें बधाई दी।

भाजपा जिला प्रभारी ने बूथ सशक्तीकरण पर दिया जोर


पानीपत में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिला प्रभारी ललित बत्रा। -वाप

पानीपत (वाप) : भाजपा के जिला प्रभारी ललित बत्रा ने इसराना विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों का सांगठनिक प्रवास किया और विभिन्न बैठकों के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तीकरण और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ को इतना सशक्त बनाया जाए कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच सकें। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुमित जागलान, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मपाल जागलान, जिला उपाध्यक्ष रोशन लाल मेहता, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन सुनील पढ़ाना, सतबीर पांचाल, इसराना जसवीर टीटाना, नरेश कश्यप, योगेश भादड़, प्रदीप देशवाल उपस्थित रहे।

बाबरपुर पुल के पास छठ पूजा घाट का निर्माण कार्य इसी महीने होगा शुरू, वर्क ऑर्डर जारी

खिजेंद्र सिंह/हप

पानीपत, 18 नवंबर

औद्योगिक नगरी पानीपत में बड़ी संख्या में निवासरत पूर्वांचल समाज के लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब जल्द ही साकार होने जा रही है। शहर के जीटी रोड स्थित बाबरपुर पुल के पास ड्रेन नंबर दो पर करीब 1.51 करोड़ रुपये से बनने वाले भव्य छठ पूजा घाट के निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। सिंचाई विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित ठेकेदार को वर्क ऑर्डर (कार्य आदेश) जारी कर दिया गया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इसी नवंबर महीने में ठेकेदार द्वारा मौके पर घाट के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पानीपत में पूर्वांचल समाज की बड़ी आबादी गोहाना रोड स्थित एनएफएल रजबाहा, असंध रोड पर थर्मल रजबाहा और बाबरपुर पुल के पास ड्रेन नंबर दो पर छठ महापर्व मनाती है। महापर्व के दौरान इन तीनों स्थलों पर हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है, जिससे मौजूदा स्थान छोटे पड़ जाते हैं और श्रद्धालुओं को भारी असुविधा होती है।


पानीपत में बाबरपुर पुल के पास वह स्थल, जहां घाट का निर्माण किया जाएगा। -हप

तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की थी घोषणा

पूर्वांचल समाज की इस गंभीर समस्या को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 19 नवंबर 2023 को एनएफएल रजबाहा के पास आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में शिरकत करते हुए पानीपत में 5 करोड़ रुपये की लागत से तीन छठ पूजा घाट (एनएफएल रजबाहा, थर्मल रजबाहा व ड्रेन नंबर दो) बनाने की घोषणा की थी। इसी कड़ी में अब ड्रेन नंबर दो पर घाट निर्माण का कार्य धरातल पर उतरने जा रहा है। हाल ही में संपन्न हुए छठ महापर्व पर भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही थी। नया घाट बनने से आगामी वर्षों में श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में अत्यधिक सुगमता रहेगी।

स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर जगाधरी में कार्यक्रम आज

जगाधरी, 18 नवंबर (हप्र)

भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती 19 नवंबर को जिला शहरी कांग्रेस कमेटी द्वारा मनाई जाएगी। कांग्रेस के जिला शहरी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे पार्टी के सरस्वती कॉलोनी, जगाधरी स्थित जिला कार्यालय में किया जाएगा। इस दौरान सभी कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करेंगे और उनके योगदान को याद करेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए जीवन समर्पित कर दिया और राष्ट्रहित में सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में सभी विधायक, पूर्व विधायक, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

सनातन धर्म में गौमाता को सर्वोच्च दर्जा दिया गया : कंवरपाल गुर्जर


जगाधरी में गोपाष्टमी पर बच्चों के साथ पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर। -हप

जगाधरी, 18 नवंबर (हप्र)

जगाधरी और आसपास के ग्रामीण व शहरी इलाकों में गोपाष्टमी का पावन श्रद्धा के साथ मनाया गया। जगाधरी गौशाला में आयोजित भव्य भजन संध्या में पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि सनातन धर्म में गौमाता को सर्वोच्च दर्जा दिया गया है और गौ-सेवा करने से मनुष्य को अपार पुण्य फल की प्राप्ति होती है। पर्व के उपलक्ष्य में जगाधरी, प्राचीन सूर्य कुंड मंदिर अमादलपुर तथा छछरौली गौशाला सहित विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगाधरी के मटका चौक स्थित गौशाला में गोपाष्टमी पर 120वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। गौशाला कमेटी के सचिव सीताराम मित्तल ने बताया कि इस प्राचीन गौशाला का पंजीकरण वर्ष 1907 में लाहौर से हुआ था और इसके उपरांत वर्ष 2013 में इसका हरियाणा सरकार के अंतर्गत पंजीकरण करवाया गया। इस अवसर पर अरुण जैन, प्रवीण गर्ग, वैभव गोयल, मानिक गर्ग, अमित गर्ग व राजीव अग्रवाल मौजूद रहे।

किसानी को खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार : वरुण चौधरी

जगाधरी, 18 नवंबर (हप्र)



अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी बीती शाम जगाधरी में कांग्रेस नेता मोहन गुर्जर के परिवार में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे। यहां उन्होंने नवविवाहित वर-वधू को आशीर्वाद देकर सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद वरुण चौधरी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मूल सोच ही किसानी को खत्म करने की है, जिसके चलते सरकार लगातार किसान और कमेरे वर्ग के खिलाफ फैसले ले रही है। उन्होंने गन्ने के मूल्य का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार को गन्ने के भाव को लेकर किसानों की जायज मांगों को तुरंत स्वीकार कर लेना चाहिए। सांसद वरुण ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत किसानों को ऑनलाइन पोर्टल के जंजाल में उलझाकर रख दिया है। सरकार ने किसान और आढ़तियों के बीच फूट डालकर उन्हें बांटने का प्रयास किया, जबकि हकीकत यह है कि किसानों के लिए आढ़ती परिवार के सदस्य की तरह होते हैं और इनके बीच का सारा लेन-देन आपसी विश्वास पर टिका होता है। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर, जिला शहरी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सतपाल कौशिक व जाकिर हुसैन मौजूद रहे।

नरवाना के शिक्षण संस्थानों में 'व्यक्तित्व निर्माण में चरित्र का योगदान' विषय पर व्याख्यान आयोजित

'उत्तम गुण, कर्म और श्रेष्ठ संस्कार ही चरित्र का असली आधार'

नरवाना, 18 नवंबर (निस)

आर्य समाज के निर्देशन में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महर्षि दयानंद पब्लिक विद्यालय व राजकीय महाविद्यालय नरवाना में 'व्यक्तित्व निर्माण में चरित्र का योगदान' विषय पर विशेष ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे ब्रह्मचारी अग्नि देव आचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में उत्तम गुण, श्रेष्ठ कर्म, सौम्य स्वभाव और उच्च संस्कार ही व्यक्ति के चरित्र का वास्तविक आधार होते हैं। उन्होंने शिक्षा और विद्या के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि व्यक्ति के संपूर्ण निर्माण में दोनों का विशेष महत्व है। जहां शिक्षा हमें परोपकारी कार्य करने के लिए प्रेरित करती है, वहीं विद्या से जीवन में उत्तम व्यवहार और सदाचरण आता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचर्य, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, अहिंसा, शौच, तप, संयम, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान जैसे नैतिक नियमों के अनुपालन से मनुष्य का चरित्र पवित्र बनता है। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को आधुनिक युग में मोबाइल फोन के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि उत्तम स्वास्थ्य, पवित्र मन, तीव्र बुद्धि के लिए मोबाइल का सीमित प्रयोग करना अनिवार्य है।


नरवाना में विद्यार्थियों को संबोधित करते ब्रह्मचारी अग्निव देव आचार्य। -निस

मेधावी विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

प्रधान चंद्रकांत आर्य ने विद्यार्थियों से कड़ा पुरुषार्थ कर अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने घोषणा की कि जो विद्यार्थी खेलकूद, पढ़ाई-लिखाई, ज्ञान-विज्ञान और वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उन्हें संस्था की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि उत्तम चरित्र से श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करना तथा समाज और राष्ट्र के लिए जीवन समर्पित करना ही सच्चे आर्यों का परम धर्म है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

जोनल स्ट्रेस्ड एसेट्स रिकवरी ब्रांच (ZOSARB)
एससीओ 1120-1121, सेक्टर 22, चंडीगढ़-160022
मोबाइल : 88269-90503, ईमेल: ARMCHA@bankofbaroda.bank.in

ई-नीलामी बिक्री सूचना

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना
परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(2), 8(6) और 9(1) के परंतुक देखें]

यहां स्कैन करें विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2), 8(6) और 9(1) के परंतुक के साथ। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) तथा गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास चार्ज/बंधक है और जिसका कब्जा बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, नीचे उल्लिखित खाते/खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर बेची जाएगी। ऋणकर्ता/गिरवीदार/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण इस प्रकार नीचे उल्लेख किया गया है:

क्रमांक	शाखा का नाम और उधारकर्ता/गारंटर एवं बंधककर्ता का नाम	चल/अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई ज्ञात भार हो तो उसका विवरण	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि और समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक)	अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर
1.	ZOSARB, चंडीगढ़ ऋणकर्ता (ओं):- (ए) मैसर्स फोरमोस्ट प्राइवेट लिमिटेड, अपने निदेशक/ निदेशकों के माध्यम से कॉर्पोरेट कार्यालय:- 65 यूएसएल, प्लॉक बी, भाई गुरदास नगर, जी.टी. रोड, न्यू अमृतसर, पंजाब 143006 (बी) पंजीकृत कार्यालय:- 419ई, न्यू जेनरेशन अपार्टमेंट्स, कालका शिमला हाईवे, ढकौली, जीरकपुर, जिला मोहाली, पंजाब-140601 (सी) मैसर्स सिमरन ऑयल एंड केमिकल्स, पता-1 : प्लॉट नंबर 16-17, औद्योगिक परिसर, गोंदवाल साहिब, जिला तरन तारन, पंजाब-143401 पता-2 :- 65 यूएसएल, प्लॉक बी, भाई गुरदास नगर, जी.टी. रोड, न्यू अमृतसर, पंजाब-143006.	संपत्ति-I:- प्लॉट संख्या 16-17, औद्योगिक परिसर, औद्योगिक केंद्र, गोंदवाल साहिब, जिला तरनतारन में स्थित औद्योगिक संपत्ति, जो मैसर्स सिमरन ऑयल एंड केमिकल्स के नाम पर पट्टे पर है, मूल पट्टा विलेख संख्या 518 दिनांक 15.11.1991 और पूरक पट्टा विलेख संख्या 2018-19/175/4/10 दिनांक 10.08.2018 मैसर्स सिमरन ऑयल एंड केमिकल्स और मैसर्स पीएसआईईसीएल के बीच निष्पादित किया गया, जिसके तहत कुल 8000 वर्ग गज का क्षेत्र मैसर्स सिमरन ऑयल एंड केमिकल्स के नाम पर है। ऋण भार : पीएसआईईसीएल को 15.01.2026 तक के विस्तार शुल्क के रूप में 9.60 लाख रुपये, साथ ही उनका भविष्य का दावा, यानी साइट के मूल्य में अप्राप्त वृद्धि का 50% बैंकनेट प्रॉपर्टी आईडी - BARB767320230004	Rs. 7.59 Crores + interest and other charges w.e.f. 23.05.2022 (-) Recovery, if any	23.12.2026 from 11:00 Hrs. to 15:00 Hrs.	Rs. 1,06,00,000/- Rs. 10,60,000/- Rs. 2,00,000/-	SYMBOLIC POSSESSION	Mr. Hitesh Sehgal Mobile: 96461-03815
		संपत्ति-II:- फ्लैट संख्या 419, ब्लॉक ई, चौथी मंजिल, न्यू जनरेशन अपार्टमेंट्स, ढकौली, खसरा संख्या 188(3-10), 189(3-10), 190(4-10), 198(4-7), 199(3-13), 200(4-0), किते 6, रकबा 23 बीघा 10 बिस्वा, 9/9400 हिस्सा जो 9 बिस्वांसी है, ग्राम ढकौली, जीरकपुर में स्थित विक्रय विलेख संख्या 1816 दिनांक 11.06.2009 के अनुसार। संपत्ति पट्टेदार संख्या 419, चौथी मंजिल, ब्लॉक ई, न्यू जनरेशन अपार्टमेंट, ग्राम ढकौली, तहसील डेराबस्सी, जिला एसएएस नगर, मोहाली, 1050 वर्ग फुट क्षेत्रफल में श्रीमती सुदेश दुरेजा पत्नी स्वर्गीय श्री हरभजन सिंह दुरेजा के नाम पर है। बैंकनेट प्रॉपर्टी आईडी - BARB3775FORDHAKOLL.	23.12.2026 from 11:00 Hrs. to 15:00 Hrs.	Rs. 56,70,000/- Rs. 5,67,000/- Rs. 1,00,000/-	SYMBOLIC POSSESSION	Mr. Hitesh Sehgal Mobile: 96461-03815
		संपत्ति-III:- आवासीय फ्लैट संख्या HIG 65 (ऊपरी भूतल), ब्लॉक-B, इलाका 340 एकड़ देव योजना, एआईटी भाई गुरदास जी नगर (जिसे न्यू अमृतसर के नाम से भी जाना जाता है), जी.टी. रोड, अमृतसर, पंजाब। क्षेत्रफल 1557 वर्ग फुट। श्रीमती सुदेश दुरेजा, पत्नी स्वर्गीय श्री हरभजन सिंह दुरेजा, के स्वामित्व में। विक्रय विलेख संख्या 15224 दिनांक 24.01.2013. बैंकनेट संपत्ति आईडी - BARB767320230002	23.12.2026 from 11:00 Hrs. to 15:00 Hrs.	Rs. 49,00,000/- Rs. 4,90,000/- Rs. 1,00,000/-	SYMBOLIC POSSESSION	Mr. Hitesh Sehgal Mobile: 96461-03815
2.	ZOSARB, चंडीगढ़ ऋणकर्ता :- मैसर्स जप जी फिलिंग स्टेशन	आवासीय मकान संख्या 4, भूमि क्षेत्रफल 5.55 मरला, खसरा संख्या 33//3/1, 4, विक्रय विलेख संख्या 3962 दिनांक 01.08.1991 के अनुसार जो खेहरा एनक्लेव, रामा मंडी, होशियारपुर रोड, लाधेवाली, तहसील एवं जिला जालंधर में स्थित है।	Rs. 80.00 Lakhs + interest and other charges w.e.f. 01.01.2026 (-) Recovery, if any	23.12.2026 from 11:00 Hrs. to 15:00 Hrs.	Rs. 65,70,000/- Rs. 6,57,000/- Rs. 1,00,000/-	SYMBOLIC POSSESSION	Mr. Hitesh Sehgal Mobile: 96461-03815
		11 एम 116 वर्ग फुट का भूखंड, विक्रय विलेख संख्या 3962 दिनांक 01.08.1991 के अनुसार श्री सुरजीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह (दिवंगत) के नाम पर है। सुरक्षित संपत्ति का CERSAI ID 400008678601 है और BAANKNET PROPERTY ID - BARB096020260002 है। नोट :- मैसर्स जप जी फिलिंग स्टेशन- बैंक में जमा की गई विक्रय विलेख में उल्लिखित क्षेत्र का विवरण, पक्षकार को जारी किए गए SARFAESI नोटिस से भिन्न है। हालांकि, हमने वर्तमान विक्रय नोटिस में क्षेत्र का सही उल्लेख किया है। हम संपत्ति का विवरण ऊपर और नोटरीकृत विभाजन विलेख के अनुसार दे रहे हैं।				
3.	ZOSARB, चंडीगढ़ ऋणकर्ता :- मैसर्स संत लाल एंड संस एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	संपत्ति-I :- आंशिक-सह-आवासीय संपत्ति संख्या BXXV-G2/167 जो गली संख्या 1, चानक नगर, आतम जैन हौजरी के पास करावारा रोड, स्लीम टावरी, तहसील एवं जिला लुधियाना में स्थित है, विक्रय विलेख संख्या 7007 दिनांक 03.08.2015 और विक्रय विलेख संख्या 5066 दिनांक 26.06.2015 के तहत माप 31.16 वर्ग गज है, अर्थात कुल 62.32 वर्ग गज, स्वामित्व श्री सोमनाथ पुत्र श्री संत लाल। बैंकनेट प्रापर्टी आईडी- BARB3775SANTLDH	Rs. 5.77 Crores + interest and other charges w.e.f. 31.05.2019 (-) Recovery, if any	23.12.2026 from 11:00 Hrs. to 15:00 Hrs.	Rs. 50,00,000/- Rs. 5,00,000/- Rs. 1,00,000/-	SYMBOLIC POSSESSION	Mr. Hitesh Sehgal Mobile: 96461-03815
		संपत्ति-II:- 2 बिस्वा 5 बिस्वांसी यानी 119 वर्ग गज क्षेत्रफल वाली संपत्ति, जो खेवट संख्या 1218 मिन खसरा संख्या 1596/1(2-4), 1596/2(0-1) में स्थित 2 बिस्वा 5 बिस्वा में से 1/20 हिस्सा है, जो चानपेपर नगर विस्तार की सीमा के भीतर इंदर आबादी भटिया कालोनी में स्थित है, श्री सोमनाथ छाबड़ा और श्री दीपक छाबड़ा के संयुक्त समान स्वामित्व में है, बिक्री विलेख बाहिका संख्या 625 दिनांक 27.04.2016 के अनुसार, बैंकनेट संपत्ति आईडी - BARB3775SANTPANIPAT.	23.12.2026 from 11:00 Hrs. to 15:00 Hrs.	Rs. 52,70,000/- Rs. 5,27,000/- Rs. 1,00,000/-	SYMBOLIC POSSESSION	Mr. Hitesh Sehgal Mobile: 96461-03815

● ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई-नीलामी की तिथि और समय पर या उससे पहले
● ई-नीलामी शुरू होने की तिथि और समय : 23.12.2026, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक। ● ईएमडी के भुगतान का तरीका : NEFT/RTGS
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल Baanknet.com पर जाएं। इसके अलावा, इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से एम : 96461-03815 पर संपर्क कर सकते हैं।
इसे सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 30/15 दिन की बिक्री सूचना के रूप में माना जा सकता है।

दिनांक : 18.11.2026 स्थान : चंडीगढ़ अधिकृत अधिकारी